संक्षिप्त

मतदान के लिए किया जागरूक

मालपुरा, (निसं)। निर्वाचन विभाग द्वारा चलाये जा रहे मतदान जागरूकता सप्ताह के अर्न्तगत स्वीप टीम ने घुमन्तु जाति की बस्तीयों में केम्प लगा मतदान के प्रति जागरूक किया। स्वीप नोडल प्रभारी सतपाल कुमावत के नेतृत्व में सतरंगी सप्ताह के अर्न्तगत बुधवार को घुमन्तु जाति के लोगो के बीच पहुच टीम ने लोक नृत्य तथा जगदीश गुर्जर, बाबूलाल यादव, राजेन्द्र वर्मा, अमित पारीक ने मतदान से जुडे लोक गीतों की प्रस्तुतियों के माध्यम से महिला पुरूषो को वोट का महत्व व मतदान मेरा अधिकार के बारे में जागरूकता संदेश देते हुए नवीन राष्ट्र निर्माण के लिए लोकतंत्र के पर्व में 26 अप्रेल को जागरूक रहकर मतदान करने के लिए प्रेरित किया।

राव राजेन्द्र के समर्थन में जनसंपर्क

कोटपूतली, (निसं)। चुनाव प्रचार के अन्तिम दिन जयपुर ग्रामीण लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी राव राजेन्द्र सिंह के समर्थन में भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक डॉ. अशोक यादव ने बुधवार को विभिन्न गाँवों में जनसम्पर्क कर भाजपा के पक्ष में मतदान की अपील की। इस दौरान उन्होंने ग्राम देवता, छारदडा, चुरी, फतेहपुरा, कांसली, मोहनपुरा, जोधपुरा, कंवरपुरा आदि में भाजपा को प्रचण्ड बहुमत से जिताने की अपील की।

150 नेत्र रोगियों की जांच

सांभरझील, (निसं)। यहां अग्रसेन महाराजा की धर्मशाला में बुधवार को शंकरा आई हॉस्पिटल की तरफ से गोयल परिवार की ओर से भारती देवी की स्मृति में निशुल्क मोतियाबिंद जांच एवं लैंस प्रत्यारोपण शिविर लगाया गया। आयोजक रामावतार गोयल ने बताया कि निशुल्क शिविर में सांभर सहित आसपास के गांवों के 150 लोगों ने अपनी आंखों की जांच करवाई। शंकरा आई हॉस्पिटल के नेत्र विशेषज्ञ सहित स्टाफ ने अपनी सेवाएं दी। जांच में मोतियाबिंद के ऑपरेशन योग्य पाए गए 50 जनों का लैंस प्रत्यारोपण के लिए चयन किया गया तथा इतने ही लोगों को निशुल्क चश्मे का वितरण किया गया। जरूरतमंद को नेत्र रोग की निशुल्क ड्रॉप भी दी गई। शंकर हाई हॉस्पिटल में ऑपरेशन के लिए चयनित सभी को जयपुर बस द्वारा ले जाया गया। इससे पहले शिविर में उच्च रक्तचाप व शुगर की जांच की गई। शिविर के दौरान पवन मोदी, कमल गोयल, रामदयाल गोयल, प्रदीप गांधी, नारायण दास सबनानी, सलोनी पाराशर, रामरतन अग्रवाल, कन्हैयालाल सोढी, टीकम, प्रियंका पाराशर, नरेश आहूजा सहित अनेक की मौजूदगी रही।

श्रद्धालुओं को बांटा शीतल पेय

मनोहरपुर, (निसं)। डॉ.भीमराव अम्बेडकर जयंती समारोह आयोजन समिति की और से बुधवार को जोगियो का बास में रामनवमी पर आयोजित शोभायात्रा में श्रद्धालुओं को ठंडा पानी, शरबत एवं शीतल पेय पिलाया और रामनवमी की शुभकामनाएं दी। वितरण करने में समिति के सॉवर मल बिंवाल, सामाजिक कार्यकर्ता डॉ.पूरणमल बुनकर,कालूराम बुनकर, विनोद कुमार बिंवाल, ईश्वर वर्मा, पिंकेश वर्मा, मूलचंद बुनकर, मोहित कुमार, रामेश्वर आदि थे।

पावटा में रामनवमी पर गूंजा रामलला का जयकारा

- शोभायात्रा व भगवा रैली में उमड़े श्रद्धालु
- सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस का जाप्ता रहा मौजूद

पावटा, (निसं)। पावटा, प्रागपुरा सहित क्षेत्रों में बुधवार को रामनवमी पर्व धूमधाम से मनाया गया। रामनवमी पर हिंदू जागरण समिति व हिंदू उत्सव समिति पावटा प्रागपुरा द्वारा ग्रामीणों के सहयोग से श्रीराम जन्मोत्सव पर पूरे लवाजमे के साथ भव्य शोभायात्रा व भगवा रैली निकाली गई। इस अवसर पर युवाओं, समेत बच्चों और महिलाओं में भी गजब का जोश दिखा।

रामनवमी भव्य शोभायात्रा में तरह तरह की झाकियों के साथ बच्चे, महिलाएं, बुजुर्ग, युवा कार्यक्रम के साक्षी बने। हिंदू उत्सव समिति पावटा के नेतृत्व में पावटा स्थित मोदी मंदिर से गोपाल भैया महंत मोहनदास महाराज द्वारा व प्रागपुरा मे गूजेडा धाम मंदिर से महंत भगवत दास महाराज द्वारा भगवान राम की विधिवत पूजा अर्चना के साथ शोभायात्रा का शुभारभ किया गया। भगवान राम के जन्मोत्सव पर भव्य शोभायात्रा व भगवा रैली मे आस्था का जनसैलाब उमडा। मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम के प्रति अगाध विश्वास है। यही वजह है कि रामनवमी के दिन पूरा शहर राममय हुआ। हवा में लहराते भगवा ध्वज पर पुष्प वर्षा कर श्रीराम नाम के उद्घोष से पूरा क्षेत्र गुंजायमान हो गया। वही भगवान श्रीराम की शोभायात्रा व भगवा रैली में पावटा व प्रागपुरा मे आकर्षक झाकिया, पुष्प वर्षा, शौर्य प्रदर्शन, महाआरती व प्रागपुरा में शोभायात्रा के दौरान प्रसिद्ध अघोरी शिव तांडव नृत्य, प्रसिद्ध कलाकारों द्वारा हनुमान जी की 10 फीट ऊँची जीवित झांकी, शौर्य प्रदर्शन, अखाडा जयपुर, राजशाही राम दरबार की महाझांकिया, पुष्प वर्षा व महाआरती विशेष आकर्षण रहे। वही इस दौरान बस्तीनाथ महाराज ने कहा कि भगवान श्रीराम जन-जन और कण कण में व्याप्त है। उनका जन्मोत्सव जनमानस का लोकोत्सव हैं।

श्रीराम जन्मोत्सव पर लवाजमे के साथ भव्य शोभायात्रा व भगवा रैली निकाली गई। इस अवसर पर युवाओं, समेत बच्चों और महिलाओं में भी गजब का जोश दिखा।

वही सर्व समाज द्वारा जगह जगह शोभायात्रा का स्वागत कर रामभक्तो के लिए जलपान की व्यवस्था की गई। वही इस दौरान शोभा यात्रा व भगवा रैली में सुरक्षा दृष्टि को लेकर पुलिस अधीक्षक वंदिता राणा के दिशा निर्देशन में वृत्ताधिकारी वृत्त विराटनगर डीएसपी रोहित सांखला, थाना प्रभारी राजेश मीणा सहित पुलिसकर्मी, महिला पुलिस का जाप्ता नगर की सडकों पर रहे। वही इस दौरान शोभा यात्रा व भगवा रैली में हिंदू उत्सव समिति पावटा व हिंदू उत्सव समिति प्रागपुरा के आयोजकों सहित जनप्रतिनिधि व हजारों की संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

सार-समाचार

मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण

निवाई, (निसं)। संभागीय आयुक्त व महानिरीक्षक पुलिस रेंज अजमेर ने निवाई विधान सभा क्षेत्र के कई मतदान केन्द्रों का दौरा कर निरीक्षण किया तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिए। संभागीय आयुक्त महेश चंद्र शर्मा व पुलिस महानिरीक्षक अजमेर रेंज लता मनोज कुमार ने अतिसंवेदन व संवेदनशील मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने मतदान केन्द्रों पर भौतिक सुविधाओं में छाया, पानी, टेंट, बिजली, रैम्प, विश्राम कमरा व चार दिवारी सहित अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने अतिसंवेदनशील व संवेदनशील मतदान केन्द्रों पर अतिरिक्त पुलिस जाप्ता लगाने,चुनाव दिवस से पूर्व पुलिस गश्त बढाने पर जोर दिया। क्षेत्र के संदिग्ध व सामाजिक तत्वों पर भी नजर रखने के निर्देश दिए। दिव्यांगों के लिए ट्राई साईकिल उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। संभागीय आयुक्त व महानिरीक्षक ने मतदान केन्द्र पहाडी, मूण्डिया व गुंसी का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उनके साथ तहसीलदार नरेशकुमार गुर्जर व निर्वाचन शाखा प्रभारी अमित जोशी मौजूद थे।

मतदाता हस्ताक्षर अभियान का आगाज

कोटपूतली, (निसं)। स्वीप कार्यक्रम गतिविधियों के अंतर्गत सतरंगी सप्ताह के तहत बुधवार को लाल कलर थीम की रंगोली बनाई गई। लालच पर होती चोट सोच समझकर करेंगे वोट स्लोगन को लेकर पंचायत समिति में वोट वृक्ष एवं दीपदान का आयोजन किया गया। साथ ही मतदाता हस्ताक्षर अभियान का आगाज किया गया। शपथ ली गई, वोटर को बूथ पर सुविधा की जानकारी दी गई। मतदाता मार्गदर्शिका, सी विजील एप, सक्षम एप, वोटर हेल्पलाईन की जानकारी दी गई। नारा लेखन एवं मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। ग्राम पंचायत स्तर पर ग्रामीणों को डोर टू डोर एवं चौपाल पर जाकर समझाया गया। शत्-प्रतिशत मतदान करने पर जोर दिया गया एवं वोट के महत्व को समझाया गया। इस दौरान बीडीओ राजकुमार बायला, नगर परिषद आयुक्त धर्मपाल जाट, रूपेंद्र कुमार आर्य, स्वीप प्रभारी शेरसिंह कटारिया, आत्माराम, सुभाष रावत, सुभाष पारीक, जयसिंह यादव, जीतू आर्य, दौलत सिंह, प्रताप सैनी, लीलाराम, सतीश गुर्जर, गंगाराम, संजय छावडी, प्रमोद सोनी सहित स्टॉफ उपस्थित रहा।

भगवान श्रीराम की भव्य शोभायात्रा

निवाई, (निसं)। श्री सनातन धर्म सत्संग के तत्वावधान में बुधवार को रामनवमी के पावन पर्व पर गाजे बाजे के साथ श्रीराम की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। समाजसेवी दिनेश ईटावा एवं राहुल अग्रवाल ने बताया कि बडा बाजार स्थित चारभुजा मंदिर से विधिवत पूजा अर्चना करके शोभायात्रा निकाली गई। देवानंद नेभाणी ने बताया कि रामनवमी महोत्सव को लेकर शोभायात्रा में शहर सहित गामीण क्षेत्र से श्रद्धालुओं की भीड उमड पडी। इस दौरान शोभायात्रा में भगवान श्रीराम की मनोरम झांकी, श्रीराम सुन्दर काण्ड मण्डल द्वारा संगीतमय सुंदरकांड पाठ, विश्वनाथ मण्डल एवं महिलाओं द्वारा भजन कीर्तन, सनातन धर्म सत्संग मण्डल द्वारा रामधुनि की गई।

रामनवमी पर निकाली भगवान श्रीराम की शोभायात्रा

श्रीमाधोपुर, (निसं)। शहर में रामनवमी के पावन पर्व पर रघुनाथ मंदिर परिसर से भगवान श्रीराम की भव्य शोभायात्रा निकली। इसमें झांकियां प्रमुख आकर्षण का केन्द्र रहीं। गाजे बाजे एवं बग्गी के साथ निकली भगवान श्रीराम की विशाल शोभायात्रा में बडी संख्या में कस्बेवासी शामिल हुए। शोभायात्रा में युवा जहां बडी बडी ध्वजाएं हाथों में लेकर लहरा रहे थे वहीं श्रीराम के जयकारे भी लगा रहे थे जिससे पूरा माहौल राममय हो गया।

शोभायात्रा की तैयारी कई दिनों से की जा रही थी जिसके बाद बुधवार रामनवमी पर्व पर धूमधाम से श्रीराम की शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें एक से बढकर एक झांकियां भी सजाई गई। झांकियों में भगवान श्रीराम, हनुमान, वनवासी राम, लक्ष्मण, सीता सहित अश्वों पर भी झांकियां बनाई गईं जो आकर्षण का केंद्र रहीं। शोभायात्रा में अधिकांश लोग भगवा कुर्ता पहनकर भगवा दुपट्टा डाले नजर आए साथ ही सभी के माथे पर तिलक लगा हुआ था। इस दौरान छोटे छोटे बच्चों में भी रामनवमी को लेकर गजब का उत्साह नजर आया। शोभायात्रा शहर के प्रमुख मार्गों गोपीनाथ मंदिर, खंडेला बाजार, चौपड़ बाजार, सुराणी बाजार, खटोडा बाजार, अस्पताल चौराहे होते हुए मंदिर परिसर पहुंची। शोभायात्रा में कस्बे वासियों ने जगह-जगह पुष्प वर्षा की वहीं जलपान की भी व्यवस्था की गई जहां भगवान की महाआरती के साथ शोभायात्रा का समापन किया गया। इस दौरान थानाधिकारी जयसिंह बसेरा के नेतृत्व में महिला कांस्टेबल, पुलिस जाप्ता. सिटी फिटर इंचार्ज लक्ष्मीकांत कुमावत के नेतृत्व में बिजली विभाग के कर्मचारी बरेली के साथ ही थे। इस दौरान पालिकाध्यक्ष हरिनारायण महंत, सत्यनारायण खांडल, रवि प्रजापत, मुकेश शर्मा, दिपेंद्र योगी, अजय मिश्रा, नन्दकिशोर नांगलका, कन्हैयालाल चौरसिया, सतनारायण सेन, बुद्धि प्रकाश जोशी, अजय मिश्रा, दिलीप सिंह शेखावत, राजू सेन, सरदार रतन सिंह, एडवोकेट अमित ठठेरा, आशुतोष कुमावत, भारत पेंटर कालूराम सैनी, दीना खाकीवाला, जीतू महंत, सत्यनारायण शर्मा, नवीन ठठेरा, गणेश सैनी, घनश्याम डोरवाल, ए वन इंटरनेशनल स्कूल के अनिल मारवाल, मंजू थापर के पदाधिकारी, भक्तजन सहित हिंदू संगठनों से जुडे लोग कार्यकर्ता व महिलाएं मौजूद रही।

फुलेरा में रेल परिसर के क्वार्टरों में चोरों ने की चोरी की वारदात

फुलेरा, (निसं)। फुलेरा के रेलवे परिसर में चोरों के हौसले बुलन्द नजर आ रहे है। जहां गत दिनों रामलीला ग्राउण्ड स्थित रेलवे शिव मन्दिर से चोरों द्वारा ताले को कुन्दे सहित उखाड़कर चांदी का मुकुट व छत्तर चोरी कर ले जाने के मामले का पुलिस अभी तक कोई सुराग नहीं ढूंढ सकी ना ही कोई खुलासा हुआ। इसी तरह चोरों ने वहीं मन्दिर के पास स्थित दो क्वार्टरों में मंगलवार की रात्रि में कुंदे सहित ताले को निकालकर लाखों रुपये के माल पर हाथ साफ कर किया।

जानकारी देते हुए रेलवे शिव मन्दिर के पुजारी पण्डित मुरारी लाल सिंवाल ने बताया कि रेलवे क्वार्टर में रहने वाले रेल कर्मचारी रामदुलारे यादव अपने पुत्र की शादी का कार्यक्रम आयोजित करने के लिए कानपुर उत्तरप्रदेश गए हुए थे। इसके चलते पडोसियों की सूचना पर यादव ने अपने परिचितों को फोन कर कर चोरी की घटना का खुलासा करते हुए बताया कि चोर क्वार्टर में लगी हुई एक बडी एलईडी, दो लैपटॉप, सोने का नारियल, गुल्लक में रखे हुए रुपये, चांदी के सिक्के, फ्रीज में रखा हुआ करीब 15 किलो देशी घी व किराणा का पूरा सामान चुरा ले गए। इसी तरह वहीं पडोस में रह रहे एक ट्रेन गार्ड के यहां भी चोरों ने क्वार्टर में रखा हुआ पूरा किराणा का समान चुराकर ले गये। साथ ही क्वार्टर के दरवाजों के ताले तोड गए। दोनों चोरियों का एक ही पैटर्न नजर आ रहा है। सूचना पर थानाधिकारी बाबूलाल मीणा ने मौके पर पहुंचकर घटना स्थल का जायजा लिया और असमाजिक तत्वों के बारे में पूछताछ की। साथ ही थानाधिकारी मीणा ने बताया कि चोरों की तलाश जारी है। जबकि कर्मचारियों में उक्त चोरी की घटनाओं को लेकर प्रशासन के प्रति आक्रोश व्याप्त है।

फुलेरा में चोरी की घटनाओं से कर्मचारियों में पुलिस के प्रति आक्रोश व्याप्त है।

लोधा समाज के 51 जोड़े बंधे हमसफर

चाकसू, (निसं)। श्री कृष्णा गुरु दुर्वाषा ऋषि सेवा समिति जयसिंहपुर चाकसू के तत्वाधान में रामनवमी पर लोधा समाज के 51 जोडों का सामूहिक विवाह सम्मेलन संपन्न हुआ। कुर्सियों पर विराजमान दूल्हे और दुल्हन, संगीत से माहौल को पुलकित करतीं बैंड बाजों की धुनें और फूल बरसाते लोग। सामूहिक विवाह समारोह में दूल्हों की बारात देखकर हर चेहरा खुशी से खिल रहा था। अखिल भारतीय लोधा समाज समिति अध्यक्ष कल्याण सिंह लोधा की अध्यक्षता में सम्मेलन समापन का समापन हुआ। उन्होंने अपने उद्बोधन में समाज के लोगों से कहा कि बेटी और बेटा एक समान हैं, समाज में दोनों की भागीदारी बराबर है। बेटियों की शिक्षा पर ध्यान देना होगा इस मौके पर कोटा से प्रबोधानंद राष्ट्रीय संरक्षक, मुरली राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिल भारतीय लोधा महासभा।जयपुर से बृजपाल महासचिव, सोभाग, देवेंद्र लोधा, लोधी विकास समिति जयपुर विधायक रामावतार बैरवा व निवाई विधायक राम सहाय बजरंग दास महराज सरपंच संघ अध्यक्ष कानाराम बागडा सरपंच रामजी लाल यादव एवं अन्य पार्षद गण क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि जितेंद्र सिंह व सरपंच प्रतिनिधि किशन लाल लोधा पार्षद भवानी सिंह पूर्व मन्दिर अधक्ष बजरंग समेत समाज के हजारों लोग मौजूद रहे।

आम सूचना सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि एक प्लाट नम्बर ए-107, पीताम्बरा योजना, आगरा रोड़, जयपुर, राजस्थान में स्थित है, उक्त प्लाट को श्रीमती केशन्ती मीना धर्मपत्नि श्री रमेश चन्द मीणा ने श्री रमेश चन्द्र अग्रवाल एवं श्री राजबिहारी अग्रवाल पुत्रान् स्वर्गीय श्री गोरधन लाल अग्रवाल से खरीद करने का इकरार किया है तथा उक्त प्लाट की खरीद हेतु श्रीमती केशन्ती मीना ने एचडीएफसी बैंक लिमिटेड से ऋण हेतु आवेदन भी किया है, यदि उक्त प्लाट के विक्रय/हस्तांतरण इत्यादि के सम्बन्ध में किसी भी व्यक्ति/व्यक्तियों, संस्था, कम्पनी इत्यादि को किसी भी प्रकार की आपत्ति, आक्षेप इत्यादि हो तो प्रकाशन तिथि से 7 दिन (सात दिन) की अवधि में मुझे सूचित करें, अन्यथा बाद मियाद आपत्ति अमान्य मानी जावेगी तथा उक्त प्लाट के विक्रय पत्र का विधिवत् पंजीयन श्रीमती केशन्ती मीना के हित में करा दिया जायेगा।
दिनांक-15/4/24 स्थान-जयपुर
Shashank Tikkiwal, Advocate
मो.नं.9166400777

खोया पाया

संजय बाजार व्यापार मंडल समिति जयपुर के प्रमाण पत्र एवं विधान व नियमावली के मूल दस्तावेज सांगानेरी गेट के आस-पास कहीं खो गए हैं। मिलने पर सूचित करें। विष्णुदत्त शर्मा (महासचिव)- 9414222527

मेरे प्लाट नम्बर 73 ए गोविंद नगर, आगरा लिंक रोड शांति नगर गृह निर्माण सहकारी समिति लिमिटेड जयपुर का पट्टा आगरा रोड़ जयपुर पर कही गिर गया है। मिलने पर सूचित करें- रामावतार शर्मा, खतेहपुरा चावन्डिया, जयपुर, 9829284348

चैत्र नवरात्र का समापन, कन्याओं का पूजन किया

कोटपूतली, (निसं)। श्रीराम नवमी के पर्व पर बुधवार को चैत्र नवरात्र का समापन हुआ। इस मौके पर घर-घर में कन्या पूजन कर नवरात्रे उठाये गये। अल सुबह से ही कस्बे में जगह-जगह कन्या जिमन के साथ-साथ घट विसर्जन का कार्य देखने को मिला।

वहीं बुधवार शाम को कस्बे में विभिन्न जगहों पर स्थित माँ दुर्गा के मन्दिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड देखने को मिली। पूतली रोड स्थित श्री दुर्गा माता मन्दिर में पुजारी योगेश शर्मा ने मन्दिर में घट एवं ज्वार विसर्जन का कार्य सम्पन्न करवाया। इस दौरान बडी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड उमडी। जहां श्रद्धालुओं ने पंगत प्रसादी भी ग्रहण की। गंगा कॉलोनी स्थित शिव-हनुमान दुर्गा मंदिर में जड़ी-बूटियों से चण्डी यज्ञ का आयोजन किया गया। मंदिर के महंत पं. नरेन्द्र शर्मा ने विशेष पूजा-अर्चना की।

राम भवन स्थित दुर्गा माता मन्दिर में पं. पुरूषोत्तम तिवारी द्वारा हवन पूजन करवाया गया। ओमप्रकाश बंसल द्वारा हलवा, पूरी व सब्जी का भोग लगाकर प्रसाद वितरित किया गया। मुख्य चौराहे स्थित श्री जीण माता मन्दिर में घट एवं ज्वार विसर्जन का कार्य सम्पन्न करवाया गया।

श्री दुर्गा माता मन्दिर में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी।

सर्टिफिकेट एवं अवार्ड वितरण कार्यक्रम आयोजित

फुलेरा, (निसं)। कस्बे की नरैना रोड स्थित गार्डन में फ्लाई हाई एडवांस्ड इंस्टीट्यूट का सर्टिफिकेट एवं अवार्ड वितरण समारोह आयोजित हुआ। इस दौरान कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप ऑल इण्डिया ड्राईविंग स्कूल फैडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष गिरीश शर्मा रहे।

विशिष्ट अतिथि के रूप में राजस्थान सरकार असिस्टेंट-डायरेक्टर पी आर प्रमोद वैद्याब, कोटीवेशनल स्पोकर प्रोफेसर ए. के. सिंह , संजय बैनाडा फाउण्डर ऑफ तक इंफ्रा स्ट्रक्चर रहे। जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता व्यापार महासंघ फुलेरा अध्यक्ष मनोज आहूजा द्वारा की गयी। कार्यक्रम के दौरान आगन्तुक अतिथियों को माला पहनाकर स्वागत अभिनन्दन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नितिन शर्मा ने बताया कि फ्लाई हाई एडवांस्डइंस्टीट्यूट क्षेत्र के होनहार युवाओं को आगे बढ़ने के लिए हर क्षेत्र में मुकाम हासिल करने का माध्यम है। जिसमे होनहार युवा अपना भविष्य मंचो पर एक दूसरे से संबाद कर, अंठोजी भाषा का अध्ययन कर, नृत्य एवं संगीत के माध्यम से अपना भविष्य सुनिश्चिर कर रहे है। जो कि हर व्यक्ति अपने जीवन में करना चाहता है। इसके चलते शर्मा ने क्षेत्र के युवाओं को इस इंस्टीट्यूट के जरिये उस मुकाम एकपहुँचाया है। गौरतलब है कि नितिन शर्मा ने कडी मेहनत के दम पर महामहिम राज्यपाल के द्वारा भी अवार्ड और गोल्ड मेडल से सम्मानित होकर क्षेत्र की अलग पहचान बनाई है। जिससे क्षेत्र के युवा बहुत प्रभावित हुए हैं। इसी क्रम में नेशनल एडमिशन्स सिल्वर-आके पूनिवर्सिरी अहमदाबाद के मैनेजर सुमित राणा ने बच्चों को पुरस्कृत करते हुए उनका मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम में फ्लाई हाई इन्टीरियर्स के संस्थापक संजय शर्मा, एम कृष्णा अठावाल, अजय अठावाल नन्दराम, सुन्दरदास सदारंगानी, भंवर गुर्जर, विनोद वर्मा सहित अन्य कई लोग उपस्थित रहे।

नभिनवनम होम फाइनेंस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड

वित्तीय संपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13(2) के तहत नोटिस

वित्तीय संपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के प्रावधान के तहत, नीचे हस्ताक्षरकर्ता प्राधिकृत अधिकारी है, नभिनवनम होम फाइनेंस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड का पंजीकृत कार्यालय दूसरी मंजिल, एन-2, साउथ एक्सटेंशन पार्ट-1, नई दिल्ली-110049 पर है। (इसके बाद "रुग्णबीयरुपक" के रूप में संदर्भित), जिसे केंद्रीय सरकार द्वारा दिनांक 25.08.2021 की एक अधिसूचना के माध्यम से, प्रतिभूतिकरण के प्रयोजनों के लिए एक वित्तीय संस्थान के रूप में माना जाने के लिए अधिकृत किया गया है। और वित्तीय संपत्तियों का पुनर्निर्माण और सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002, आपको निम्नलिखित नोटिस जारी करता है:-

उधारकर्ता/ बंधककर्ता/ गारंटर का नाम और पता:
1. कृष्ण कुमावत पुत्र श्रीचंद कुमावत पता: पी-56ए, लक्ष्मी नगर 6, अलेक्पुरा, रोड नंबर 17, वीकेआई एरिया, जयपुर, राजस्थान इसके अलावा प्लॉट नंबर 16-ए, गणेश विहार कॉलोनी, बिंदायक वार्ड नंबर 16, जयपुर, राजस्थान 2. काजल कुमावत पुत्र कृष्ण कुमावत पता: पी-56ए, लक्ष्मी नगर 6, अलक्पुरा, रोड नंबर 17 वीकेआई एरिया, जयपुर, राजस्थान इसके अलावा प्लॉट नंबर 16-ए, गणेश विहार कॉलोनी, बिंदायक वार्ड नंबर 16, जयपुर, राजस्थान 3. रवी रत्नम स्टील (मार्केट) पुत्र मोहर्ड राम पता: 273 ग्रीन नगर, आपणी गांव रोड नंबर 14, वीकेआई एरिया, जयपुर, राजस्थान

ऋण खाता संख्या- HL000000001180
प्रदत्त ऋण राशि : रु. 5,40,000/- (पांच लाख चालीस हजार रुपये मात्र)
दिनांक 13(2) नोटिस : 21.03.2024 एकमुश्त दिनांक : 10.03.2024

मांग तिथि और शेष धारा:13 (2) सरफेसी अधिनियम के अनुसार सूचना: दिनांक 18.03.2024 को रु.4,10,056.02/- (चार चार लाख दस हजार छप्पन रुपये)

बंधक मूल्य: संपत्ति नं. 1- प्लॉट नंबर 134, हरीश बालाजी नगर 8, शिवावास, वीकेआई एरिया, जिला जयपुर, राजस्थान।

इसके अलावा, सरनों के साथ, हमारा मानना है कि आप मांग नोटिस की सेवा से बच रहे हैं, इसलिए मांग नोटिस का प्रकाशन किया जा रहा है। आपसे इस मांग नोटिस के प्रकाशन की तारीख से 60 दिनों की अवधि के भीतर मणिभवनम होम फाइनेंस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड को अतिरिक्त ब्याज, लागत, आकस्मिक व्यय, शुल्क आदि के साथ उपरोक्त राशि का भुगतान करने के लिए कहा जाता है, ऐसा न करने पर मणिभवनम होम फाइनेंस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड को भुगतान करना होगा। लिमिटेड धारा के सभी या किसी भी प्रावधान के तहत आवश्यक कार्रवाई करेगा। उक्त अधिनियम की धारा 13(4) सभी या किसी एक या अधिक सुरक्षित संपत्तियों के विरुद्ध है, जिसमें उधारकर्ताओं को इस सुरक्षित संपत्ति पर कब्जा करना भी शामिल है। इसके अलावा आपको उक्त अधिनियम की धारा 13(13) के तहत बिक्री/ पट्टे के माध्यम से या किसी अन्य तरीके से उपरोक्त सुरक्षित संपत्तियों को स्थानांतरित करने से प्रतिबंधित किया जाता है। कृपया ध्यान दें कि आगे कोई डिमांड नोटिस जारी नहीं किया जाएगा।
स्थान: हस्ताक्षर प्राधिकृत अधिकारी,
दिनांक: 12.04.2024 मणिभवनम होम फाइनेंस इंडिया प्रा. लिमिटेड

कुश्ती प्रतियोगिता में विजेता खिलाड़ियों का सम्मान

श्रीमाधोपुर, (निसं)। एनएच.52 पर स्थित ग्राम पंचायत बावडी श्री बावडी के बालाजी श्री औंकारनाथ महाराज द्वारा स्थापित धाम पर दो दिवसीय धार्मिक कार्यक्रम समपन हुआ।

श्री बावडी बालाजी सेवा समिति अध्यक्ष गणपतराम बाजिया व सचिव भागीरथ मल सबल ने बताया कि बुधवार को पंचायत मुख्यालय से गांव से होती हुई बालाजी धाम तक जीवित झांकियां निकाली गई। मेले में बावडी, सौंथलिया, लाखनी, मलिकपुर, ठीकरिया, रींगस, नारनौल, जयपुर सहित दूर दराज व आसपास के गांवों व ढाणियों से सैकडों भक्तों ने बालाजी महराज धाम पर शीश नवाकर मनते मांगी। महिलाओं व पुरूषों, बच्चों ने जमकर खरीददारी की। कुश्ति प्रतियोगिता में नारनौल, श्रीमाधोपुर सहित अन्य क्षेत्रों से खिलड़ी पहुंचे। कुश्ती प्रतियोगिता एक सौ से ईक्यावन सौ रूपये तक हुई। विजेता खिलाडिय़ों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर सरपंच विमला देवी, बीरबल बाजिया, कैलाश बाजिया, फूलचंद हरितवाल, नाथूराम बाजिया, पंचायत समिति सदस्य सावित्री देवी, राजेन्द्र बाजिया, मूरलीधर पावण्डा, जारोवर सिंह पावण्डा, सुखाराम पावण्डा, जगदीश भावरिया, गोपाल सिंह बाजिया, सरदार सिंह हरितवाल, गेंदालाल अठावाल, भवानी सिंह, मूलचंद सौनी सहित अनेक कार्यकर्ता व ग्रामीण उपस्थित थे।

कांग्रेस प्रत्याशी का निकला रोड शो

फुलेरा, (निसं)। आगामी 19 अप्रेल को सम्पन्न होने वाले लोकसभा चुनाव के प्रथम चरण प्रचार के अन्तिम दिन बुधवार को कांग्रेस प्रत्याशी ने समर्थकों के साथ कस्बे के मुख्य प्रमुख बाजारों से रोड शो निकाल बहुमत एवं भारी समर्थन का आग्रह किया। रोड शो के दौरान कांग्रेस प्रत्याशी अनिल चोपडा व फुलेरा के विधायक विद्याधर सिंह चौधरी ने कांग्रेस के पक्ष में मतदान करने की अपील की। इससे पूर्व कस्बे के ज्योतिबा फूले सर्किल पर कांग्रेस कार्यकर्ता एकत्र होकर कांग्रेस प्रत्याशी अनिल चोपडा व विधायक विद्याधर सिंह चौधरी का भव्य स्वागत किया।

तीये की बैठक

अत्यंत दुःख के साथ सूचित करते है कि हमारी पूजनीय माताजी **श्रीमती सुमित्रा कल्याण** (धर्मपत्नी स्व.श्री भानीरामजी कल्याण) का स्वर्गवास दिनांक 15.04.2024 को हो गया है। जिनकी तीये की बैठक गुरुवार 18.04.2024 को गोयल मैरिज गार्डन, मुरलीपुरा थाने के पास, मुरलीपुरा स्कीम पर शाम 5 से 6 बजे तक होगी।

शोकाकुलः ओंकारमल (जेठ), अनिल कल्याण- सपना (पुत्र- पुत्रवधू), सुनील कल्याण- अदिति (पुत्र- पुत्रवधू), अनिता-संजीव वर्मा (X.En- सिंचाई विभाग) (पुत्री- दामाद), सुनीता- राजेश गोठवाल (प्रबंधक-NSC) (पुत्री-दामाद) एवं शोकाकुल समस्त कल्याण परिवार।

नम्बर मिलाइए 9587884433

सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

माली समाज के विवाह सम्मेलन में 51 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे

- जोड़ों को भामाशाहों के सहयोग से घर गृहस्थी का सामान भेंट किया

चाकसू, (निसं)। टोंक रोड स्थित रामपुरा गांव में रामनवमी को महात्मा ज्योतिबा फुले सैनी समाज विकास समिति रामपुरा की ओर से महात्मा ज्योतिबा फुले बालिका छात्रावास में दूसरे सामूहिक विवाह सम्मेलन में 51 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे।

सभी जोड़ों को भामाशाहों के सहयोग से घर ग्रहस्थी का संपूर्ण सामान फर्नीचर इत्यादि भेंट किया गया। संस्थान के संरक्षक राजू सैनी बडोदिया ने बताया कि समिति की ओर से आयोजित दूसरा सामूहिक विवाह सम्मेलन संपन्न हुआ जिसमें 51 जोडे परिणय सूत्र में बंधे। इस सामूहिक विवाह सम्मेलन के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक रामावतार बैरवा, निवाई विधायक रामसहाय वर्मा, एसीपी के के अवस्थी, नगर पालिका चेयरमैन कमलेश बैरवा, दौसा सैनी समाज अध्यक्ष गिर्राज सैनी, सांगानेर अध्यक्ष हनुमान सैनी, निवाई और टोंक अध्यक्ष समेत सर्व समाज के कई गणमान्य नागरिकों ने उपस्थित रहकर नव विवाहित जोड़ों को आशीर्वाद दिया।

विवाहित सम्मेलनों के कार्यक्रमों का शुभारंभ सुबह बालाजी मंदिर रामपुरा में